IJCRT.ORG ISSN : 2320-2882

INTERNATIONAL JOURNAL OF CREATIVE RESEARCH THOUGHTS (IJCRT)

An International Open Access, Peer-reviewed, Refereed Journal

# राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में संचालित क्लिक योजना के विद्यार्थियों की आईसीटी अभिरूचि पर प्रभाव का अध्ययन।

***Rajesh Kumar Sharma, **Prof. Anshu Bhatia**

*Rsearch Scholar, School of Education, JNU Jaipur, Jagatpura, Jaipur, Rajasthan, India 302017

**Research Guide, School of Education, JNU Jaipur, Jagatpura, Jaipur, Rajasthan, India 302017

**ABSTRACT**

प्रस्तुत शोध का उद्देश्य राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में संचालित क्लिक योजना का विद्यार्थियों की आईसीटी अभिरुचि पर प्रभाव का अध्ययन करना है। डिजिटल युग में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग बन चुकी है, जिसके प्रभावी उपयोग हेतु विद्यार्थियों में तकनीकी रुचि विकसित करना आवश्यक है। इस अध्ययन में राजस्थान के झुंझुनू जिले के नवलगढ़ ब्लॉक के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत 400 विद्यार्थियों को न्यादर्श के रूप में चयनित किया गया। आँकड़ों के संकलन हेतु आईसीटी अभिरुचि की स्वनिर्मित मापनी का प्रयोग किया गया तथा विश्लेषण के लिए मध्यमान, मानक विचलन एवं टी–मान जैसी सांख्यिकीय प्रविधियों का उपयोग किया गया। परिणामों से यह स्पष्ट हुआ कि क्लिक योजना से सम्बद्ध विद्यार्थियों की आईसीटी अभिरुचि के मध्यमानों में सांख्यिकीय दृष्टि से कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया। यह अध्ययन आईसीटी आधारित शैक्षिक योजनाओं के मूल्यांकन में उपयोगी सिद्ध होगा।

मुख्य शब्दावली : राज. मा. विद्यालय, क्लिक योजना, विद्यार्थी, आईसीटी अभिरूचि।

प्रस्तावना :

वर्तमान युग को सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (Information and Communication Technology – ICT) का युग कहा जाता है, जिसमें शिक्षा व्यवस्था निरंतर डिजिटल और तकनीक–आधारित स्वरूप ग्रहण कर रही है। आधुनिक समाज में ज्ञान का स्वरूप, अधिगम की प्रक्रिया तथा शिक्षण के साधन तीव्र गति से परिवर्तित हो रहे हैं। ऐसे परिवेश में विद्यार्थियों में आईसीटी के प्रति रुचि एवं सकारात्मक अभिवृत्ति का विकास अत्यंत आवश्यक हो गया है, क्योंकि यह उनकी शैक्षिक प्रगति, तकनीकी दक्षता तथा भविष्य की चुनौतियों से निपटने की क्षमता को सुदृढ़ करता है।

आईसीटी अभिरुचि से तात्पर्य विद्यार्थियों की उस मानसिक प्रवृत्ति से है, जिसके अंतर्गत वे डिजिटल उपकरणों, कंप्यूटर, इंटरनेट तथा अन्य तकनीकी संसाधनों के उपयोग के प्रति जिज्ञासा, रुचि एवं सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं। विद्यालयी स्तर पर यदि विद्यार्थियों में आईसीटी के प्रति रुचि विकसित की जाती है, तो उनका अधिगम अधिक प्रभावी, सहभागितापूर्ण एवं आत्मनिर्भर बनता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में क्लिक योजना का संचालन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों से जोड़कर उनकी तकनीकी रुचि एवं दक्षता का विकास करना है।

क्लिक योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को आईसीटी आधारित शिक्षण–अधिगम के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे उनमें डिजिटल जागरूकता तथा तकनीकी प्रयोग के प्रति रुचि उत्पन्न हो सके। यद्यपि इस योजना का उद्देश्य अत्यंत सकारात्मक है, तथापि इसकी वास्तविक प्रभावशीलता का वैज्ञानिक एवं वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन आवश्यक है। इसी संदर्भ में प्रस्तुत शोध राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में संचालित क्लिक योजना के विद्यार्थियों की आईसीटी अभिरुचि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करता है।

प्रस्तुत अध्ययन न केवल योजना की प्रभावशीलता का आकलन करता है, बल्कि शिक्षा में आईसीटी आधारित योजनाओं के मूल्यांकन की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करता है। इसके निष्कर्ष नीति–निर्माताओं, शिक्षकों एवं शोधार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे तथा भविष्य में डिजिटल शैक्षिक योजनाओं के सुधार एवं सुदृढ़ीकरण हेतु मार्गदर्शक सिद्ध हो सकते हैं।

**समस्या कथन :–** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में संचालित क्लिक योजना के विद्यार्थियों की आईसीटी अभिरूचि पर प्रभाव का अध्ययन।

**सम्बन्धित शोध साहित्य :–** नासिर और नेगर (2022) द्वारा किये गये शोध "ऑनलाइन शिक्षा के प्रति विधार्थियों के दृष्टिकोण" पर एक शोध कार्य निर्धारित किया। रोमा एवं सालगोत्रा (2021) द्वारा किये गये शोध "शिक्षा में आई.सी.टी. के उपयोग के प्रति विश्वविद्यालय के छात्रों का दृष्टिकोण। **ICILS (2013/2019)** द्वारा किये गये शोध (International Computer and Information Literacy Study) के अंतर्गत किए गए अध्ययन "Students' Interest and Enjoyment in, and Patterns of Use of ICT, पटेल (2019) द्वारा किये गये शोध "डिजिटल साक्षरता और आई.सी.टी. अभिरुचि का सहसंबंध। वर्मा एवं दहिया (2018) द्वारा किये गये शोध "विश्वविद्यालय संबद्धता के संदर्भ में सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी के प्रति भारतीय विधार्थियों की धारणा में अंतर।

उद्देश्य :–

1. राजकीय माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की आईसीटी अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के प्रभाव का अध्ययन।
2. राजकीय माध्यमिक विद्यालय के ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में अध्ययनरत छात्रों की आई.सी.टी. अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के प्रभाव का अध्ययन करना।
3. राजकीय माध्यमिक विद्यालय के ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में अध्ययनरत छात्राओं की आई.सी.टी. अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के प्रभाव का अध्ययन करना।
4. राजकीय माध्यमिक विद्यालय के ग्रामीण क्षेत्र में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं की आई.सी.टी. अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के प्रभाव का अध्ययन करना।
5. राजकीय माध्यमिक विद्यालय के शहरी क्षेत्र में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं की आई.सी.टी. अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के प्रभाव का अध्ययन करना।

परिकल्पनाएँ :–

1. राजकीय माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की आईसीटी अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के सकारात्मक प्रभाव में कोई सार्थक अन्तर नही है।
2. राजकीय माध्यमिक विद्यालय के ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में अध्ययनरत छात्रों की आई.सी.टी. अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के सकारात्मक प्रभाव में कोई सार्थक अन्तर नही है।
3. राजकीय माध्यमिक विद्यालय के ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में अध्ययनरत छात्राओं की आई.सी.टी. अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के सकारात्मक प्रभाव में कोई सार्थक अन्तर नही है।
4. राजकीय माध्यमिक विद्यालय के ग्रामीण क्षेत्र में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं की आई.सी.टी. अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के सकारात्मक प्रभाव में कोई सार्थक अन्तर नही है।
5. राजकोय माध्यमिक विद्यालय के शहरी क्षेत्र में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं की आई.सी.टी. अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के सकारात्मक प्रभाव में कोई सार्थक अन्तर नही है।

शोध विधि :

शोध की प्रकृति व सर्वेक्षण विधि की उपयोगिता के आधार पर शोधार्थी ने प्रस्तुत अनुसंधान में आँकड़ों के एकत्रीकरण हेतु सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

जनसंख्या / समग्र :

शोधार्थी द्वारा शोध कार्य में राजस्थान राज्य के झुंझुनू जिले में स्थित सभी 11 ब्लॉको के 618 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में से ब्लॉक वार 454 विद्यालयों में ही कम्प्यूटर लैब संचालित है। नवलगढ़ ब्लॉक में 99 राजकीय माध्यमिक विद्यालय स्थित है, इन 99 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में से 56 विद्यालय में ही कम्प्यूटर लैब पूर्ण रूप से क्रियाशील हैं, इन कम्प्यूटर लैब युक्त 56 विद्यालयों में से 28 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में क्लिक योजना पूर्ण रूप स संचालित है, तत्पश्चात शोधार्थी द्वारा 28 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में संभावित 3200 अध्ययनरत छात्र–छात्राएं में से शोध कार्य हेतु 10 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के 668 विद्यार्थियों में से 400 छात्र–छात्राओं की 59.88% जनसंख्या को न्यादर्श के रूप में चुना है।

न्यादर्श :

शोधार्थी द्वारा शोध कार्य हेतु न्यादर्श में राजस्थान राज्य में स्थित झुन्झुनू जिले के नवलगढ़ ब्लॉक में से 10 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्थापित कम्प्यूटर लैब युक्त विद्यालयों, जिनमें सुचारू रूप से क्लिक योजना संचालित है इन विद्यालयों की कक्षा 9 एवं 10 की नामावली से स्तरीकृत यादृच्छिक विधि द्वारा कुल 400 छात्र–छात्राओं का चयन किया गया है।

उपकरण :–


| क. सं. | उपकरण का नाम | स्थिति |
|---|---|---|
| 1. | आई. सी. टी. अभिक्षमता | स्वनिर्मित |
| 2. | आई. सी. टी. अभिरूचि | स्वनिर्मित |

परिणाम :–

परिकल्पना–1 राजकीय माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की आईसीटी अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के सकारात्मक प्रभाव में कोई सार्थक अन्तर नही है।

| विद्यार्थी | N | M | SD | SED | D | df | t-test |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | 200 | 115.58 | 25.03 | 2.37 | 1.75 | 398 | 0.74 |
| छात्रा | 200 | 113.83 | 22.32 | | | | |

** 0.05 सार्थक स्तर





परिकल्पना–1 ''राजकीय माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की आईसीटी अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के संदर्भ में स्वीकृत की जाती है।

निष्कर्षतः क्लिक योजना ने छात्र एवं छात्राओं की आई.सी.टी. अभिरुचि को समान रूप से प्रभावित किया है। किसी भी प्रकार का सांख्यिकीय रूप से सार्थक अन्तर न पाए जाने के कारण यह स्पष्ट होता है कि दोनों समूहों में आई.सी.टी. के प्रति रुचि, आत्मविश्वास, उपयोगिता की धारणा, सर्जनात्मकता तथा सहभागिता का विकास लगभग समान स्तर पर हुआ है। इसलिए शून्य परिकल्पना–1 स्वीकृत की जाती है।

परिकल्पना – 2 राजकीय माध्यमिक विद्यालय के ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में अध्ययनरत छात्रों की आई. सी.टी. अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के सकारात्मक प्रभाव में कोई सार्थक अन्तर नही है।

| छात्र | N | M | SD | SED | D | df | t-test |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्रामीण | 100 | 119.46 | 26.18 | 3.37 | 0.17 | 198 | 0.0504 |
| शहरी | 100 | 119.29 | 21.23 | | | | |

** 0.05 सार्थक स्तर




परिकल्पना–2 ''राजकीय माध्यमिक विद्यालय के ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में अध्ययनरत छात्रों की आई. सी.टी. अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के संदर्भ में स्वीकृत की जाती है।


निष्कर्षतः क्लिक योजना ने ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के छात्रों की आई.सी.टी. अभिरुचि को समान रूप से प्रभावित किया है। किसी भी प्रकार का सांख्यिकीय रूप से सार्थक अन्तर न पाए जाने के कारण यह

स्पष्ट होता है कि दोनों समूहों में आई.सी.टी. के प्रति रुचि, आत्मविश्वास, उपयोगिता की धारणा, सर्जनात्मकता तथा सहभागिता का विकास लगभग समान स्तर पर हुआ है। इसलिए शून्य परिकल्पना–2 स्वीकृत की जाती है।

परिकल्पना – 3 राजकीय माध्यमिक विद्यालय के ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में अध्ययनरत छात्राओं की आई.सी.टी. अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के सकारात्मक प्रभाव में कोई सार्थक अन्तर नही है।

| छात्रा | N | M | SD | SED | D | df | t-test |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्रामीण | 100 | 108.37 | 22.18 | 3.31 | 3.34 | 198 | 1.007 |
| शहरी | 100 | 111.71 | 24.65 | | | | |

** 0.05 सार्थक स्तर





रिकल्पना–3 ''राजकीय माध्यमिक विद्यालय के ग्रामीण क्षेत्र और शहरो क्षेत्र में अध्ययनरत छात्राओं की आई.सी.टी. अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के संदर्भ में स्वीकृत की जाती है।

निष्कर्षतः क्लिक योजना ने ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों की छात्राओं की आई.सी.टी. अभिरुचि को समान रूप से प्रभावित किया है। किसी भी प्रकार का सांख्यिकीय रूप से सार्थक अन्तर न पाए जाने के कारण यह स्पष्ट होता है कि दोनों समूहों में आई.सी.टी. के प्रति रुचि, आत्मविश्वास, उपयोगिता की धारणा, सर्जनात्मकता तथा सहभागिता का विकास लगभग समान स्तर पर हुआ है। इसलिए शून्य परिकल्पना–3 स्वीकृत की जाती है।

परिकल्पना – 4 राजकीय माध्यमिक विद्यालय के ग्रामीण क्षेत्र में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं की आई.सी.टी. अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के सकारात्मक प्रभाव में कोई सार्थक अन्तर नही है।

| ग्रामीण | N | M | SD | SED | D | df | t-test |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | 100 | 119.46 | 26.18 | 3.43 | 11.09 | 198 | 3.23 |
| छात्रा | 100 | 108.37 | 22.18 | | | | |

** 0.05 सार्थक स्तर





परिकल्पना –4 ''राजकीय माध्यमिक विद्यालय के ग्रामीण क्षेत्र में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं की आई.सी.टी. अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के संदर्भ में अस्वीकृत की जाती है।

निष्कर्षतः क्लिक योजना का प्रभाव ग्रामीण क्षेत्र में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं पर समान रूप से नहीं पड़ा। छात्रों की आई.सी.टी. अभिरुचि छात्राओं की तुलना में अधिक विकसित पाई गई, जिसके कारण दोनों समूहों के मध्य सांख्यिकीय रूप से सार्थक अन्तर परिलक्षित हुआ। इसलिए शून्य परिकल्पना–4 अस्वीकृत की जाती है।

परिकल्पना – 5 राजकीय माध्यमिक विद्यालय के शहरी क्षेत्र में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं की आई.सी.टी. अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के सकारात्मक प्रभाव में कोई सार्थक अन्तर नही है।

| शहरी | N | M | SD | SED | D | df | t-test |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | 100 | 119.46 | 26.18 | 3.59 | 7.75 | 198 | 2.15 |
| छात्रा | 100 | 111.71 | 24.65 | | | | |

** 0.05 सार्थक स्तर




परिकल्पना–5 ''राजकीय माध्यमिक विद्यालय के शहरी क्षेत्र में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं की आई.सी.टी. अभिरूचि पर संचालित क्लिक योजना के संदर्भ में अस्वीकृत की जाती है।

निष्कर्षतः क्लिक योजना का प्रभाव शहरी क्षेत्र में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं पर समान रूप से नहीं पड़ा। छात्रों की आई.सी.टी. अभिरुचि छात्राओं की तुलना में अधिक विकसित पाई गई, जिसके कारण दोनों समूहों के मध्य सांख्यिकीय रूप से सार्थक अन्तर परिलक्षित हुआ। इसलिए शून्य परिकल्पना–5 अस्वीकृत की जाती है।

शैक्षिक निहितार्थ :

शोधार्थी द्वारा प्राप्त निष्कर्षों के आधारानुसार ज्ञात हुआ कि क्लिक योजना ने विद्यार्थियों की आई. सी.टी. के प्रति अभिरुचि विकसित करने में भी सकारात्मक योगदान दिया। कम्प्यूटर आधारित गतिविधियों, डिजिटल सामग्री तथा तकनीक–सहायित शिक्षण के कारण विद्यार्थियों में सीखने की उत्सुकता बढ़ी तथा वे शिक्षण प्रक्रिया में अधिक सक्रिय रूप से सहभागी बनने लगे। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए यह योजना आधुनिक तकनीकी संसाधनों तक पहुँच का एक प्रभावी माध्यम बनी, जिससे उनमें डिजिटल आत्मविश्वास तथा नवाचार की भावना का विकास हुआ।

संदर्भ :


- **National Council of Educational Research and Training (NCERT). (2021).** *ICT in school education: Policy, practice and possibilities. New Delhi: Ncert Prakashan.*
- **National Education Policy (NEP). (2020).** *National Education Policy 2020. New Delhi: Ministry of Education, Government of India.*
- **OECD. (2021).** *21st century skills and Ict competence: International educational perspectives. Paris: Oecd Publishing.*
- **Pandey, R. (2023).** *Development of Ict aptitude among secondary level students. Patna: Aryan Book Depot.*
- **Sharma, P. (2020).** *Role of information technology in education. Delhi: Atlantic Publishing House.*
- **Singh, R. (2021).** *Digital education and teaching innovation. Jaipur, Rajasthan Hindi Granth Academy.*
- **Singh, V., & Tiwari, M. (2022).** *Educational technology and Ict integration in Indian schools. Mumbai, Himalaya Publishing House.*
- **UNESCO. (2019).** *ICT competency framework for teachers (Version 3). Paris, Unesco Publishing.*
- **World Bank. (2022).** *Digital learning for all: Lessons learned from Ict interventions in education. Washington, D.C., World Bank Group.*
- **Yadav, P. (2023).** *A study of e-learning and student engagement in government schools. New Delhi: Discovery Publishing House.*